# कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

## प्रबन्ध मण्डल की छब्बीसवीं बैठक की कार्यवाही विवरण

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के प्रबन्ध मण्डल की छब्बीसवीं बैठक दिनांक 05 जून, 2025 (गुरूवार) को प्रातः 11.30 बजे प्रो॰ ए॰ के॰ व्यास, माननीय कुलपति की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्न वर्णित अधिकारियों ने भाग लिया : –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ॰ (प्रो॰) ए॰के॰ व्यास, माननीय कुलपति | **अध्यक्ष** | |
| 2. | डॉ॰ विनय भारद्वाज, निदेशक, राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र, अजमेर<br>(प्रतिनिधि –भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली) | सदस्य | |
| 3. | डॉ॰ विमला डुकवाल, अधिष्ठाता, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर | सदस्य | **ऑनलाइन** |
| 4. | श्री हरिश्वर प्रसाद छीपा, सेवानिवृत सहायक आचार्य, पादप रोग विज्ञान, 4/147 मालवीय नगर, जयपुर | सदस्य | |
| 6. | श्री रोहित दीक्षित, वरिष्ठ लेखाधिकारी, सी॰ए॰डी॰, कोटा (प्रतिनिधि – प्रमुख शासन सचिव, वित्त, राजस्थान सरकार) | पदेन सदस्य | |
| 7. | डॉ॰ एस॰के॰ जैन, निदेशक अनुसंधान एवं समन्वयक, भर्ती प्रकोष्ठ | सदस्य | |
| 8. | डॉ॰ आशुतोष मिश्रा, अधिष्ठाता, उ॰वा॰महा॰, झालावाड़ | सदस्य | |
| 9. | डॉ॰ डी॰के॰ सिंह, प्रोफेसर व वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृ॰वि॰के॰, अन्ता | सदस्य | |
| 10. | डॉ॰ विधि शर्मा, वित्त नियंत्रक | विशेष आमन्त्रित | |
| 11. | डॉ॰ आई॰बी॰ मौर्य, निदेशक शिक्षा | विशेष आमन्त्रित | |
| 12. | श्रीमती मनीषा तिवारी, कुलसचिव | सदस्य सचिव, प्रबन्ध मण्डल | |

उक्त बैठक में श्री प्रताप सिंह सिघवीं, माननीय विधायक (छबड़ा), राजस्थान विधानसभा, प्रमुख शासन सचिव (कृषि), प्रमुख शासन सचिव (पशुपालन), सचिव (उच्च एवं तकनीकी शिक्षा), राजस्थान सरकार, जयपुर एवं इनके प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हो सके।

सर्वप्रथम माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रबन्ध मण्डल के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यसूचियों पर चर्चा उपरांत निम्न निर्णय लिए गए –

| | |
|---|---|
| **बोम–26 / 2025 / 01** | **चौबीसवीं प्रबंध मंडल की दिनांक 28.01.2025 को आयोजित बैठक की कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने बाबत।** |
| **निर्णय :–** | प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 28.01.2025 को आयोजित की गई चौबीसवीं बैठक की कार्यवाही का विवरण पुष्टि हेतु प्रस्तुत किया गया। कार्यवाही विवरण पर कोई टिप्पणी न होने की दशा में सर्वसम्मति से स्वीकार कर पुष्टि की गई। |
| **बोम–26 / 2025 / 02** | **चौबीसवीं प्रबंध मंडल की दिनांक 28.01.2025 को आयोजित बैठक की कार्यवाही विवरण पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट।** |
| **निर्णय :–** | प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 28.01.2025 को आयोजित की गई चौबीसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। |
| **बोम–26 / 2025 / 03** | **पच्चीसवीं प्रबंध मंडल की दिनांक 15.05.2025 को आयोजित बैठक की कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने बाबत।** |
| **निर्णय :–** | प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 15.05.2025 को आयोजित की गई पच्चीसवीं बैठक का कार्यवाही विवरण पुष्टि हेतु प्रस्तुत किया गया। कार्यवाही विवरण पर कोई टिप्पणी न होने की दशा में सर्वसम्मति से स्वीकार कर पुष्टि की गई। |
| **बोम–26 / 2025 / 04** | **पच्चीसवीं प्रबंध मंडल की दिनांक 15.05.2025 को आयोजित बैठक की कार्यवाही विवरण पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट।** |
| **निर्णय :–** | प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 15.05.2025 को आयोजित की गई पच्चीसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। |
| **बोम–26 / 2025 / 05** | **विद्या परिषद की दिनांक 14.05.2025 को आयोजित तेईसवीं बैठक की कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत्।** |
| **निर्णय :–** | विद्या परिषद की तेईसवीं बैठक दिनांक 14.05.2025 को आयोजित की गई, बैठक का कार्यवाही विवरण प्रबंध मण्डल के माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसे अवलोकन उपरांत माननीय सदस्यों ने अनुमोदन किया गया, पारित निर्णय निम्न प्रकार हैं :–<br>1. विश्वविद्यालय की चयन समितियों हेतु विभिन्न 31 विषयों के विशेषज्ञ पेनल की सिफारिश को मंजूरी।<br>**(कार्रवाई : समन्वयक, भर्ती प्रकोष्ठ / कुलसचिव)** |
| **बोम–26 / 2025 / 06** | **विद्या परिषद की दिनांक 27.05.2025 को आयोजित चौबीसवीं बैठक की कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत्।** |
| **निर्णय :–** | विद्या परिषद की चौबीसवीं बैठक दिनांक 27.05.2025 को आयोजित की गई, बैठक का कार्यवाही विवरण प्रबंध मण्डल के माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसे अवलोकन उपरांत माननीय सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया, पारित निर्णय निम्न प्रकार हैं :–<br>1. 19 जून, 2025 को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2023–24 के दौरान उत्तीर्ण होने वाले विभिन्न संकायों के 287 स्नातकों को डिग्री प्रदान करने के लिए अनुग्रह को अनुमोदित और पारित की मंजूरी। **(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)** |

| | |
|---|---|
| | 2. 19 जून, 2025 को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2023—24 के लिए स्नातक डिग्री कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय के सभी संकायों के पात्र मेधावी स्नातकों को स्वर्ण पदकों को मंजूरी देना और प्रदान करने की स्वीकृती। **(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)**<br>3. 19 जून, 2025 को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2023—24 के लिए स्नातक डिग्री कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय के सभी संकायों में से पात्र मेधावी स्नातक को कुलपति स्वर्ण पदक प्रदान करने की स्वीकृती। **(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)**<br>4. 19 जून, 2025 को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में कृषि उद्यानिकी एवं वानिकी संकाय में उपाधि उत्तीर्ण करने के लिए अपनी आवश्यक योग्यताओं को पूर्ण करने वाले 44 स्नातकोत्तर उपाधि धारकों को उपाधि प्रदान करने की स्वीकृती। **(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)**<br>5. 19 जून, 2025 को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह वर्ष 2023—24 के लिए समस्त स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रमों के लिए विभागवार स्वर्ण पदकों को मंजूरी देना और प्रदान करने की स्वीकृती। **(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)**<br>6. 19 जून, 2025 को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह वर्ष 2023—24 के लिए संपूर्ण मास्टर डिग्री कार्यक्रम के लिए कुलाधिपति स्वर्ण पदक को मंजूरी देना और प्रदान करने की स्वीकृती। **(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)**<br>7. 19 जून, 2025 को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में कृषि संकाय (शस्य विज्ञान, आनुवंशिकी और पादप प्रजनन, उद्यानिकी) और उद्यानिकी संकाय (फल विज्ञान) में उपाधि उत्तीर्ण करने के लिए अपनी आवश्यक योग्यताओं को पूरी करने वाले 12 विद्यावाचस्पति उपाधि धारकों को उपाधि प्रदान करने की स्वीकृती। **(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)**<br>8. 19 जून, 2025 को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में प्रदान किए जाने वाले वर्ष 2023—24 के लिए सभी विद्यावाचस्पति उपाधि कार्यक्रम के लिए संकायवार स्वर्ण पदकों को मंजूरी देना और प्रदान करने की स्वीकृती। **(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)**<br>9. स्वर्ण पदकों की बैठक कार्यवाही विवरण का अनुमोदन। **(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)**<br>10. कृषि महाविद्यालय, हिण्डौली—बूंदी में प्रवेश क्षमता (सीट मैट्रिक्स) 65 से 90 करने को मंजूरी। **(कार्रवाई : कुलसचिव)**<br>11. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक संवर्ग पदों पर सीधी भर्ती, सीएएस के तहत् शिक्षकों एवं अधिकारियों की व्यक्तिगत पदौन्नति और सर्वश्रेष्ठ शिक्षक/अनुंसधान वैज्ञानिक/विस्तार वैज्ञानिक पुरस्कारों के लिए अद्यतन/आंशिक संशोधन के साथ स्कोर कार्डस् को मंजूरी। **(कार्रवाई : समन्वयक, भर्ती प्रकोष्ठ/कुलसचिव)** |

12. प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना (पी.एम.यू.एस.पी.वाई.) के अंतर्गत केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख (एस.एस.एस.जे.के.एल.) के विद्यार्थियों के लिए विशेष छात्रवृत्ति हेतु स्नातक (ऑनर्स) उद्यानिकी उपाधि कार्यक्रम में 05 सीटें आरक्षित करने के प्रावधान को मंजूरी।

**(कार्रवाई : निदेशक शिक्षा)**

13. शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए फल विज्ञान विषय में आई.सी.ए.आर. के विद्यावाचस्पति छात्र को आवंटित विशेष सेमेस्टर समायोजन को मंजूरी।

**(कार्रवाई : निदेशक शिक्षा)**

14. श्री बबलू गौस्वामी, प्रयोगशाला तकनीशियन के प्रकरण पर विद्यावाचस्पति कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए Special Case के तौर पर मंजूरी दी गई।

**(कार्रवाई : कुलसचिव)**

15. प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन विभाग, उद्यानिकी संकाय, उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड़ की पाठयक्रम समिति के सदस्य के रूप में डॉ॰ एस॰सी॰ भण्डारी, सेवानिवृत प्रोफेसर के नाम को डॉ॰ आई॰जे॰ गुलाटी, सेवानिवृत प्रोफेसर से प्रतिस्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी।

**(कार्रवाई : अधिष्ठाता, उ॰वा॰महाविद्यालय, झालावाड़)**

**बोम–26/2025/07** — **विश्वविद्यालय के अष्टम् दीक्षांत समारोह में प्रदान की जाने वाली उपाधियों का ग्रेस पास।**

**निर्णय :–**

विद्या परिषद की चौबीसवीं बैठक दिनांक 27.05.2025 में एजेण्डा आईटम ए.यू.के./ए.सी.–24/2025–02/04, 07 एवं 10 में लिए गए निर्णयानुसार आगामी अष्टम् दीक्षान्त समारोह में सत्र 2023–24 में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को स्नातक 287, स्नातकोत्तर 44 एवं विद्यावाचस्पति 12, कुल 343 उपाधियां प्रदान किए जाने वाले ग्रेस पास का अनुमोदन माननीय सदस्यों द्वारा किया गया, जिनका विवरण निम्न प्रकार है :

**स्नातक** (कृषि में 175, उद्यानिकी में 57, वानिकी में 55 **कुल 287 विद्यार्थियों को)**

| S. No | Name of degree | Number of degrees 2023-24 | Total |
|---|---|---|---|
| 1. | **Faculty of Agriculture** | | |
| | B.Sc. (Honours) Agriculture | 175 | **175** |
| 2. | **Faculty of Horticulture** | | |
| | B.Sc. (Honours) Horticulture | 57 | **57** |
| 3. | **Faculty of Forestry** | | |
| | B.Sc. (Honours) Forestry | 55 | **55** |
| | **Total** | | **287** |

**स्नातकोत्तर (उद्यानिकी में 14, वानिकी में 06 कृषि में 24 कुल 44 विद्यार्थियों को)**

| S. No | Disciplines | Academic Session 2023-24 (Up to 31st Dec. 2024) | No. of Master's Degree Recipients |
|---|---|---|---|
| **M.Sc. (Horticulture)** | | | |
| 1. | Fruit Science | 04 | 04 |
| 2. | Vegetable Science | 07 | 07 |
| 3. | Floriculture &Landscaping | 02 | 02 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | Post Harvest Technology | 01 | 01 |
| **M.Sc. (Forestry)** | | | |
| 1. | Silviculture and Agroforestry | 03 | 03 |
| 2. | Forest Products and Utilization | 03 | 03 |
| **M.Sc. (Agriculture)** | | | |
| 1. | Agronomy | 05 | 05 |
| 2. | Horticulture | 01 | 01 |
| 3. | Genetics and Plant Breeding | 06 | 06 |
| 4. | Soil Science and Agricultural Chemistry | 04 | 04 |
| 5. | Plant Pathology | 04 | 04 |
| 6. | Agricultural Extension and Comunication | 01 | 01 |
| 7. | Agricultural Extension Education | 03 | 03 |
| | **Total** | | **44** |

**विद्यावाचस्पति** (उद्यानिकी में 03 एवं कृषि में 09 **कुल 12 विद्यार्थियों को**)

| S. No. | Disciplines | 2023-24 (Up to 31 Dec. 2024) | No. of Ph.D. Degree Recipients |
|---|---|---|---|
| **Faculty of Horticulture** | | | |
| 1. | Fruit Science | 03 | 03 |
| **Faculty of Agriculture** | | | |
| 1. | Agronomy | 02 | 02 |
| 2. | Genetics and Plant Breeding | 05 | 05 |
| 3. | Horticulture | 02 | 02 |
| | **Total** | **12** | **12** |

(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)

| | |
|---|---|
| बोम–26 / 2025 / 08 | विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले विभिन्न स्वर्ण पदकों का अनुमोदन। |
| निर्णय :– | विद्या परिषद की इक्कीसवीं आयोजित बैठक दिनांक 27.05.2025 में एजेण्डा आईटम ए.यू.के. / ए.सी.–24 / 2025–02 / 05, 06, 08, 09 एवं 11 में लिए गए निर्णयानुसार अष्टम् दीक्षान्त समारोह में सत्र 2023–24 में उत्तीर्ण छात्र / छात्राओ को प्रदान किए जाने वाले स्वर्ण पदक 12, कुलपति स्वर्ण पदक 01 एवं कुलाधिपति स्वर्ण पदक 01 कुल 14 स्वर्ण पदकों का अनुमोदन माननीय सदस्यों द्वारा किया गया, जिनका विवरण निम्न प्रकार है :– |

**कुलाधिपति स्वर्ण पदक :**

| पाठ्यक्रम (अकादमिक सत्र 2023–24) | छात्र / छात्राओं का नाम |
|---|---|
| विज्ञान–निष्णात् (वानिकी) वनोत्पाद एवं उपयोग | आरती चंद्रन |
| **कुल** | **01** |

| | |
|---|---|
| | **कुलपति स्वर्ण पदक :**<br><br>**पाठ्यक्रम (अकादमिक सत्र 2023–24)** \| **छात्र/छात्राओं का नाम**<br>विज्ञान–स्नातक (ऑनर्स) कृषि \| सुश्री टिवंकल वर्मा<br>**कुल** \| **01**<br><br>**स्वर्ण पदक:**<br><br>**पाठ्यक्रम (अकादमिक सत्र 2023–24)** \| **छात्र/छात्राओं का नाम**<br>विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) कृषि \| सुश्री टिवंकल वर्मा<br>विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) उद्यानिकी \| आशुतोष पुरोहित<br>विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) वानिकी \| बाबू लाल धाकड़<br>विज्ञान–निष्णात् (उद्यानिकी) फल विज्ञान \| समीक्षा नागर<br>विज्ञान–निष्णात् (उद्यानिकी) सब्जी विज्ञान \| कुलदीप सिंह डागर<br>विज्ञान–निष्णात् (वानिकी) वनोत्पाद एवं उपयोग \| आरती चंद्रन<br>विज्ञान–निष्णात् (कृषि) आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन \| राजेश नागा<br>विज्ञान–निष्णात् (कृषि) मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन \| उत्कर्ष गोयल<br>विज्ञान–निष्णात् (कृषि) पादप रोग विज्ञान \| निकिता कुमारी<br>विज्ञान–निष्णात् (कृषि) शस्य विज्ञान \| कविता रणवॉ<br>विज्ञान–निष्णात् (कृषि) कृषि प्रसार शिक्षा \| कलावती मीणा<br>विद्यावाचस्पति आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन \| रूचि बिश्नोई<br>**कुल** \| **12**<br><br>**(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)** |
| बोम–26/2025/09 | **अनुसंधान परिषद् की 5वीं बैठक दिनांक 28.05.2024 की कार्यवाही विवरण अनुमोदन बाबत्।** |
| निर्णय :– | अनुसंधान परिषद की 5वीं बैठक दिनांक 28.05.2024 को आयोजित की गई, बैठक का कार्यवाही विवरण प्रबंध मण्डल के माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसे अवलोकन उपरांत माननीय सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया, पारित निर्णय निम्न प्रकार है :–<br>1. शोध कार्य की समीक्षा (फसल उद्यानिकी एवं वानिकी) (जनवरी 2021 से मार्च 2024)।<br>2. कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के अलावा अन्य विद्यार्थियों के लिए शोध प्रबंध शुल्क स्वीकृत करने के प्रस्ताव को मंजूरी।<br>3. अनुसंधान परिषद् की जानकारी के लिए ZREAC की सिफारिशों को मंजूरी।<br>4. आर.के.वी.वाई. के अन्तर्गत चल रही वर्तमान एवं नवीन परियोजनाऐं (जनवरी 2021 से मार्च 2024 तक) की जानकरी के संबंध में।<br>5. तदर्थ एवं प्रायोजित परियोजनाऐं (जनवरी 2021 से मार्च 2024 तक) की जानकारी के संबंध में।<br><br>**(कार्रवाई : निदेशक अनुसंधान )** |

| | |
|---|---|
| बोम–26 / 2025 / 10 | **प्रसार शिक्षा परिषद् की 5वीं बैठक दिनांक 12.07.2024 की कार्यवाही विवरण अनुमोदन बाबत्।** |
| निर्णय :– | प्रसार शिक्षा परिषद की 5वीं बैठक दिनांक 12.07.2024 को आयोजित की गई, बैठक का कार्यवाही विवरण प्रबंध मण्डल के माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसे अवलोकन उपरांत माननीय सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया, पारित निर्णय निम्न प्रकार है :–<br>1. प्रसार शिक्षा निदेशालय तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन (वर्ष 2021–24)।<br>2. कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा वर्ष 2021, 2022 एवं 2023 में आयोजित वैज्ञानिक सलाहकार समिति के कार्यवाही विवरण से परिषद् को सूचित करने के प्रस्ताव को मंजूरी।<br>3. कृषि विज्ञान केन्द्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार बनाने हेतु इनके सुदृढीकरण के सुझाव भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् को भिजवाने के प्रस्ताव को मंजूरी।<br>**(कार्रवाई : निदेशक प्रसार शिक्षा)** |
| बोम–26 / 2025 / 11 | **सहायक कुलसचिव पद पर चयनित अभ्यर्थी की योग्यता जाँचने हेतु गठित समिति की अनुशंसा के अनुमोदन बाबत्।**<br>प्रबंध मण्डल की दिनांक 28.01.2025 को आयोजित 24वीं बैठक के निर्णयानुसार विश्वविद्यालय में सहायक कुलसचिव के पद पर चयनित अभ्यर्थी की योग्यता की जाँच हेतु एक समिति गठित की गई थी।<br>उपरोक्त प्रकरण में समिति द्वारा जाँच एवं परीक्षण करने पर दस्तावेजों की प्रमाणिकता सत्यापित नहीं हो पायी। अतः अभ्यर्थिता शून्य मानी जाये। साथ ही विश्वविद्यालय के परिनियम के अनुसार प्रतिक्षा सूची की वैधता समाप्त होने की दशा में कोई कार्रवाई लम्बित नहीं हैं। |
| निर्णय :– | समिति द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट का प्रबंध मण्डल के सदस्यों द्वारा अवलोकन करने के पश्चात् सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।<br>**(कार्रवाई : समन्वयक भर्ती प्रकोष्ठ / कुलसचिव)** |
| बोम–26 / 2025 / 12 | **विश्वविद्यालय के 10 सेवानिवृत कार्मिकों को एक काल्पनिक वेतनवृद्धि प्रदान करने के प्रस्ताव का अनुमोदन बाबत्।**<br>प्रबंध मण्डल की दिनांक 28.01.2025 को आयोजित 24 वीं बैठक में निर्णयानुसार विश्वविद्यालय के 10 सेवानिवृत कार्मिकों को माननीय उच्च न्यायालय जयपुर के द्वारा एसबी सिविल रिट याचिका सं. 9175 / 2024 द्वारा 01 जुलाई को काल्पनिक वेतन वृद्धि की स्वीकृति विश्वविद्यालय के वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के मध्यनजर वित्तीय भार के आकंलन एवं पुनरावलोकन का निर्णय लिया गया था।<br>वित्तीय भार के आंकलन अनुसार 01 जुलाई को काल्पनिक वेतन वृद्धि स्वीकृत करने पर मासिक पेंशन राशि में 22192 /– रू. अतिरिक्त बजट भार आयेगा तथा 01.04.2023 से फरवरी 2025 तक देय एरियर राशि 471298 /– रू. कर पेंशन फण्ड भार आयेगा। |

| | |
|---|---|
| निर्णय :– | वित्तीय भार के आकंलन के पश्चात् विश्वविद्यालय के 10 सेवानिवृत कार्मिकों को 01 जुलाई को काल्पनिक वेतन वृद्धि प्रदान करने के प्रस्ताव का माननीय सदस्यों ने अनुमोदन किया। **(कार्रवाई : कुलसचिव)** |
| **बोम–26 / 2025 / आर॰–01** | **विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2019–20 तथा 2020–21 में अशैक्षणिक कार्मिको की गई पदोन्नति के संशोधित आदेश दिनांक 01.04.2019 एवं 01.04.2020 से काल्पनिक पदोन्नति का लाभ दिये जाने के अनुमोदन बाबत्।**<br>विश्वविद्यालय द्वारा डीपीसी वर्ष 2019–20 तथा 2021–22 में विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा अशैक्षणिक कार्मिको की पदोन्नति की गई थी। पदोन्नत कार्मिकों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के अनुसार उक्त पदोन्नतियों की जांच हेतु एक समिति गठित की गई थी।<br><br>समिति की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार वर्ष 2019–20 तथा 2021–22 हेतु विश्वविद्यालय द्वारा गठित विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर जारी दोषपूर्ण आदेशों के स्थान पर वित्त विभाग के नियम F.1(7) FD/Rules/2008 दिनांक 30.07.2013 के तहत् सभी प्रभावित कार्मिको को पदोन्नति का लाभ 1 अप्रेल से काल्पनिक पदोन्नति दिये जाने के संशोधित आदेश जारी किये गये थे। जिन्हें प्रबंध मण्डल के माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकन एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये गये। |
| निर्णय :– | आदेशों का माननीय सदस्यों ने अवलोकन कर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। **(कार्रवाई : कुलसचिव)** |
| **बोम–26 / 2025 / आर॰–02** | **विश्वविद्यालय द्वारा अन्य विश्वविद्यालयों एवं संस्थाओं से किए गए समझौता ज्ञापन (MoU) के अनुमोदन बाबत।** |
| निर्णय :– | विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2023 एवं 2024 में अन्य विश्वविद्यालयों एवं संस्थाओं से किए गए समझौता ज्ञापनों (MoUs) को प्रबन्ध मंडल के माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकन हेतु प्रस्तुत किए गए, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–<br>1. कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं वीर चन्द्र सिंह गढवाली उत्तराखंड़ उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार, पौड़ी गढवाल, उत्तराखंड़<br>2. कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं कोटा विश्वविद्यालय, कोटा<br>3. कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं राजकीय कन्या कला महाविद्यालय, कोटा<br>4. कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड (04)<br>5. कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा<br>6. कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, संकरा दुर्ग, छतीसगढ़<br>7. कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं यशवंत सिंह परमार उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन<br>8. कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं राष्ट्रीय उद्यानिकी अनुसंधान एवं विकास फाउंडेशन, नई दिल्ली<br>9. कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं स्वदेशी शोध संस्थान, दिल्ली विश्वविद्यालय ऑफ अगडर, क्रिस्टनसंद नोरवे, इंदिरा गांधी नेशनल ट्रिबल विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्यप्रदेश, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) पुसा केम्पस, नई दिल्ली |

| | |
|---|---|
| | प्रस्तुत समझौता ज्ञापनों (MoUs) का माननीय सदस्यों ने अवलोकन कर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।<br>**(कार्रवाई : निदेशक, प्राथमिकता निगरानी एवं मूल्यांकन, कृ॰वि॰, कोटा)** |
| **बोम–26 / 2025 / टेबल–01** | **वित्त समिति की दिनांक 24.03.2025 को आयोजित एकादश बैठक की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन बाबत्।** |
| **निर्णय :–** | वित्त समिति की एकादश बैठक दिनांक 24.03.2025 को आयोजित की गई, बैठक का कार्यवाही विवरण प्रबंध मण्डल के माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसे अवलोकन उपरांत माननीय सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया, पारित निर्णय निम्न प्रकार है :–<br>1. संशोधित बजट अनुमान 2023–24 का अनुमोदन।<br>2. वर्ष 2023–24 के लिए ई॰पी॰एफ॰ की ब्याज दर @7.00% का अनुमोदन।<br>3. कार्यरत कर्मचारियों को भविष्य निधि का फाइनल भुगतान के नियम।<br>4. कर्मचारी कल्याण कोष के ऋण दिये जाने का प्रस्ताव।<br>5. विभिन्न ईकाईयों की सकल फार्म आय को वित्त नियत्रंक कार्यालय में जमा करने के संबंध में।<br>6. वित्तीय वर्ष 2023–24 में विश्वविद्यालय विकास कोष से विश्वविद्यालय के विकास के लिए स्वीकृत की गई कुल राशि 35.27 लाख रूपये का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु।<br>7. कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों के लिए शोध शुल्क (शोध प्रंबध शुल्क) के प्रस्ताव का अनुमोदन।<br>8. महाविद्यालय छात्र कोष के उपयोग हेतु दिशानिर्देशों के प्रस्ताव का अनुमोदन।<br>9. विश्वविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन हॉल और दुकानों को पट्टे पर देने के लिए नियमों और शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए गठित समिति की रिपोर्ट का अनुमोदन।<br>10. विश्वविद्यालय के अधिकृत चार्टर्ड एकाउन्टेंट (सी.ए.) द्वारा वर्ष 2022–23 तथा 2023–24 की सी.ए. ऑडिट रिपोर्ट एवं लेखे के प्रस्ताव का अनुमोदन।<br>**(कार्रवाई : वित्त नियंत्रक)** |
| **बोम–26 / 2025 / टेबल–02** | **वित्त समिति की दिनांक 28.05.2025 को आयोजित द्वादश बैठक की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन बाबत्।** |
| **निर्णय :–** | वित्त समिति की द्वादश बैठक दिनांक 28.05.2025 को आयोजित की गई, बैठक का कार्यवाही विवरण प्रबंध मण्डल के माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसे अवलोकन उपरांत माननीय सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया, पारित निर्णय निम्न प्रकार हैं :–<br>1. बजट 2024–25 का अनुमोदन।<br>2. वर्ष 2024–25 के लिए ई॰पी॰एफ॰ की ब्याज दर @7.00% का अनुमोदन।<br>3. कृषि विश्वविद्यालय, कोटा 2025 की विभिन्न ईकाईयों में रिवॉलविंग फंड (आर॰एफ॰) के संचालन हेतु दिशा निर्देशों के प्रस्ताव का अनुमोदन।<br>4. उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालावाड़ तथा कृषि महाविद्यालय, कोटा के लिए 02 बोलेरो वाहन (Bolero Neo) छात्र कल्याण कोष से |

| | |
|---|---|
| | खरीदने की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन।<br>5. कृषि विज्ञान केन्द्र, अंता की बाउन्ड्रीवॉल निर्माण राशि 21.80 लाख रूपये विश्वविद्यालय के रिवॉलविंग फंड से स्वीकृत किये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन।<br>6. बांठिया एस एण्ड कंपनी, कोटा से वर्ष 2013–14 से 2023–24 तक शीर्षवार प्राप्तियों एवं व्यय के मिलान का प्रस्ताव का अनुमोदन।<br>7. अधिष्ठाता को 01 लाख रूपये की निधि की अभिरक्षा एवं प्रशासनिक फण्ड के अन्तर्गत नवीन प्रावधान के प्रस्ताव का अनुमोदन।<br>**(कार्रवाई : वित्त नियंत्रक)** |
| **बोम–26 / 2025 / टेबल–03** | **अष्टादश भवन निर्माण समिति की दिनांक 31.05.2025 को आयोजित बैठक की कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत्।** |
| **निर्णय :–** | अष्टादश भवन निर्माण समिति की बैठक दिनांक 31.05.2025 को आयोजित की गई, बैठक का कार्यवाही विवरण प्रबंध मण्डल के माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसे अवलोकन उपरांत माननीय सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया, पारित निर्णय निम्न प्रकार हैं :–<br>1. कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा, कृषि अनुसंधान केन्द्र, उम्मेदगंज, कोटा एवं यांत्रिकी कृषि फार्म, उम्मेदगंज, कोटा के पुराने भवनों को ध्वस्त करने से पूर्व समिति की रिपोर्ट के अनुसार समस्त औपचारिकताऐं पूर्ण कर नियमानुसार कार्यवाही करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।<br>2. यांत्रिकी कृषि फार्म, उम्मेदगंज, कोटा पर आधुनिक बीज उत्पादन और प्रसंस्करण सुविधाओं सहित बीज प्रौद्योगिकी के लिए उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना हेतु कार्यकारी एजेन्सी राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड के माध्यम से कार्य संपादन का अनुमोदन।<br>**(कार्रवाई : संपदा अधिकारी)** |
| **बोम–26 / 2025 / टेबल–04** | **विश्वविद्यालय से सेवानिवृत कार्मिक श्री रिषभ कुमार, वरिष्ठ लिपिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, अंता की सेवा नियमितीकरण के सम्बन्ध में।**<br>विश्वविद्यालय से सेवानिवृत हुए कार्मिक श्री रिषभ कुमार, वरिष्ठ लिपिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, अंता के तदर्थ सेवा से नियमित सेवा में सेवा नियमितीकरण के प्रकरण से संबंधित समस्त दस्तावेज जैसे नियुक्ति आदेश, उपस्थिति, पदोन्नति आदेश, वार्षिक वेतन वृद्धि आदेश, सेवा पुस्तिका में सेवा सत्यापन, संतोषजनक सेवा का होना, किसी भी प्रकार की कार्यवाही लम्बित नहीं होने, Leave without pay and EOL पर नहीं रहने, सेवानिवृति आदेश, विधिक राय एवं विधिक राय के अनुसार गठित समिति की अनुसंशा को प्रबंध मण्डल के समक्ष अवलोकन एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। |
| **निर्णय :–** | प्रबंध मण्डल ने श्री रिषभ कुमार की सेवा को तदर्थ सेवा से नियमित सेवा में सेवा नियमितीकरण करने के प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।<br>**(कार्रवाई : कुलसचिव)** |
| **बोम–26 / 2025 / टेबल–05** | **सेवा निवृत कार्मिक श्री अब्दुल सलीम, वरिष्ठ लिपिक, यांत्रिक कृषि फार्म, उम्मेदगंज, कोटा एवं श्री रामप्रसाद, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ को पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने बाबत।** |

| | |
|---|---|
| | विश्वविद्यालय के सेवानिवृत कार्मिक श्री अब्दुल सलीम एवं श्री रामप्रसाद को पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने के प्रकरण में समस्त दस्तावेजों, ई॰पी॰एफ॰, यू॰पी॰एफ॰, ग्रेच्युटी, पी॰एम॰एफ॰ की कटौतियां एवं विश्वविद्यालय में लागू पुरानी पेंशन योजना के आदेश प्रबंध मण्डल के समक्ष अवलोकन एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये गये। |
| **निर्णय :–** | प्रबंध मण्डल ने दोनों कार्मिको को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने के प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।<br>**(कार्रवाई : कुलसचिव)** |
| **बोम–26/2025/ टेबल–06** | **नियमित कुलपति की चयन समिति के गठन हेतु प्रबंध मंडल द्वारा सदस्य का मनोनयन।** |
| **निर्णय :–** | कुलपति की चयन समिति में प्रबंध मण्डल द्वारा एक सदस्य को नामित करने हेतु विस्तृत चर्चा उपरान्त लिये गये निर्णय का पृथक पत्रक में अंकित कर सील बन्द लिफाफे में राजभवन भेजने का निर्णय लिया गया।<br>**(कार्रवाई : कुलसचिव)** |

अंत में, कुलपति महोदय की अनुमति से कुलसचिव ने प्रबंध मण्डल के समस्त सदस्यों को शैक्षणिक कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया जो 11 जून से प्रारंभ की जा रही हैं, से अवगत कराया और बताया की माननीय राज्यपाल द्वारा सदस्य का मनोनयन शीघ्र ही प्राप्त होने वाला हैं।

**श्रीमती मनीषा तिवारी**
**कुलसचिव एवं सदस्य सचिव,**
**प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा**

10.06.2025

**डॉ॰ ए॰ के॰ व्यास**
**कुलपति एवं अध्यक्ष,**
**प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा**